जनपद - संतकबीरनगर **प्रेस विज्ञप्ति** **दिनॉक 11.08.2022**

आज दिनांक 11.08.2022 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर **श्री अखिल कुमार** पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती **श्री आर0के0 भारद्वाज** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर **श्री सोनम कुमार** के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक **श्री संतोष कुमार सिंह** के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सन्तकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 2548 द्वारा दो पक्षों के विवाद को कराया गया शांत व विवाद में घायल 02 लोगों को पहुंचाया गया अस्पताल – पीआरवी 2548 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत उमिला से इवेन्ट संख्या 05407 से कालर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद / मारपीट होने से 02 लोगों के घायल होने के संबंध मे सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटना स्थल पर 09 मिनट में पहुंचकर विवाद को शांत कराया गया व विवाद में घायल लोगों को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया गया तथा घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर विवाद को शांत कराकर व विवाद में घायल लोगों को अस्पताल भेजवाकर उनकी जान बचाई गयी, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

पीआरवी स्टाफ – आरक्षी त्रिभुवन यादव, आरक्षी बृजेश कुमार यादव, आ0चा0 राजन प्रसाद।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 46 वाहनो से 33,000 रु0 सम्मन वसूल किया गया

आज दिनांक 11.08.2022 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 46 वाहनों से 33,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल वाहन किया गया।